सार-समाचार

रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

सादुलपुर, (निसं)। पोस्ट ऑफिस विजिट सांस्कृतिक धरोहरों को सरंक्षण पीएमश्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ (चूरू) में संस्था प्रधान डॉ सुशीला पूनियां के निर्देशन में चल रहे समाज सेवा शिविर के 11वें दिन शिविर प्रभारी समशेर खान, सह प्रभारी अनिता खिचड के निर्देशन में शिविर के समस्त समभागी छात्राओं को वार्ड नं. 30 में स्थित पोस्ट ऑफिस का भ्रमण करवाया। पोस्ट ऑफिस के प्रमुख डाकपाल रतन सिंह व ग्रामीण डाक सेवा प्रभारी अक्षय ने छात्राओं को पोस्ट ऑफिस की विभिन्न बचत योजनाओं जैसे सुकन्या स्मृद्धि योजना, बालिका निधि योजना, पीएलआई, आरडी, किसान निधि योजना इत्यादि की जानकारी उपलब्ध करवाकर बचत योजनाओं का लाभ लेने उठाने हेतु प्रेरित किया। सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण क्रम में छात्राओं ने जोगी आश्रम राजगढ में श्रमदान कर स्वक्ष्छता व संरक्षण का संदेश दिया। बालिका शिक्षा को बढावा देने हेतु संस्था प्रधान ने बेटी बचाओं-बेटी पढाओं रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया

चूरू, (निसं)। जिले में निरामया राजस्थान अभियान के तहत 07 जून विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस तक खाद्य सुरक्षा का विशेष अभियान चलाया जायेगा। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि निरामया राजस्थान अभियान के तहत जून माह की थीम खाद्य सुरक्षा रखी गई है। जून माह के प्रथम सप्ताह में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में अन्नपूर्णा रसोई निरीक्षण, राजकीय व निजी चिकित्सा संस्थानों की कैटिन का निरीक्षण, स्ट्रीट वेडर का निरीक्षण, मॉल्स में खाद्य पदार्थों का निरीक्षण, रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड के आस-पास खाद्य पदार्थ विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया जायेगा। 07 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा लाइसेंस के लिये रजिस्ट्रेशन शिविर लगाया जायेगा। इसके अलावा जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को पौष्टिक व सुरक्षित व संतुलित आहार की जानकारी दी जायेगी। खाद्य सुरक्षा निरीक्षक मदन बाजिया ने बताया कि अभियान के तहत अस्पताल व अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया गया। रतनगढ़ के राजकीय चिकित्सालय कैंटीन में मैसर्स निकेत इन्टरप्राइजेज का निरीक्षण कर दो नमूने लिए तथा 6 लीटर कोल्ड ड्रिंक नष्ट करवाई। अन्नपूर्णा रसोई से पांच नमूने लिये तथा सभी नमूनों को जांच के लिये जयपुर प्रयोगशाला भेजा गया है। सभी को साफ-सफाई रखने के लिये पाबंद किया गया।

रक्तदान शिविर आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। नायक समाज जागृति एवं विकास संस्थान राजगढ के तत्वावधान में राजगढ के प्रथम देहदानी मंगेजाराम मीणा इन्सां की पुण्यतिथि पर ०5 जून को सोनी हॉस्पिटल ब्लड सेंटर राजगढ में प्रात:०9 बजे स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नायक समाज जागृति एवं विकास संस्थान राजगढ के सुरेश नायक ने बताया कि राजगढ के प्रथम देहदानी मंगेजाराम मीणा की पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में सोनी हॉस्पिटल ब्लड सेंटर राजगढ में प्रात:०9 बजे से मानव पुण्यार्थ रक्तदान करने के लिए अवश्य पधारे। गौरतलब है कि मंगेजा राम मीणा इंसां राजगढ़ तहसील के प्रथम देहदानी थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में ही अनेक पौधे लगाकर उनको बडा किया तथा मरणोपरांत देहदान करने का संकल्प लिया था तथा उनके द्वारा लिए गए संकल्प को पूरा करते हुए उनके पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षक राधेश्याम मीणा सहित उनके परिजनों से आयुर्वेद कॉलेज सरदार शहर में उनका देहदान कर अनूठी मिशाल पेश कर पहल की थी।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

चूरू, (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला परिषद सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अन्तर्गत पंचायत एडवांसमेन्ट इंडेक्स का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने कहा कि ग्राम पंचायत वार्षिक योजना में सतत विभाग के लक्ष्यों का बहुत महत्व है। सभी की समन्वित भागीदारी से ग्रामीण विकास गतिविधियां साकार होंगी। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दुर्गा ढाका ने सभी विभागों को ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण के समय सक्रिय भागीदारी निभाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में सहायक विकास अधिकारी प्रेम सिंह चौहान,सुभाष मीणा व सुरेश कुमार सैनी ने संभागियों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बीकानेर संभाग प्रभारी सुमित जोशी ने पर्यवेक्षण किया। कुन्दन सिंह व ईश्वर सिंह ने आयोजकीय भूमिका निभाई।

बरसात ने पालिका प्रशासन की पोल खोली

बीदासर (निसं)। कस्बे में मंगलवार को आज तीसरे दिन लगातार बरसात का दौर जारी रहा। सुबह 8 बजे के बाद आसमान में गहरे बादल आने के बाद तेज हवाओं के साथ बरसात शुरू हुई। लगभग आधे घंटे तक लगातार जमकर हुई बरसात से कस्बे के मुख्य मार्ग बरसाती पानी से लबालब हो गए। वही पहली बार जमकर हुई बरसात से गंदे पानी के नाले व नालियों की सफाई न होने से गंदगी मुख्य सड़क मार्गों पर आ गई। जिससे नगर पालिका प्रशासन की पोल खुलकर सामने आ गई। बरसात का दौर रुक रुक कर 11 बजे तक जारी रहा। वही लगातार बरसात का दौर जारी रहने से नगरवासियों को गर्मी व उमस से राहत मिली। बरसात से मौसम भी सुहावना हो रहा है। बरसात के चलते पूरे दिन आसमान में बादलों का आवागमन से ठंडी हवाएं चलती रही।

महिला सिलाई प्रशिक्षण का दूसरा चरण 6 से

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद सूरत के अध्यक्ष समाजसेवी प्रभूदयाल काबरा की प्रेरणा व दानदाताओं के सहयोग से यहां माकडिया बालाजी मंदिर के पास साबू भवन में 6 अप्रैल 2025 से शुरू किए गए महिला सिलाई प्रशिक्षण का दूसरा चरण 6 जून से शुरू किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए भगवा रक्षा वाहिनी के अध्यक्ष जयशंकर पुजारी व महामंत्री अमित जोशी ने बताया कि अग्रिम रजिस्टर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर नि:शुल्क होगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए आने वाली महिला को एक बार मात्र 100 रुपए देना होगा। प्रशिक्षण के लिए 10 उच्च कोटि की मशीनों के साथ प्रशिक्षिका उपलब्ध है तथा प्रशिक्षण तीन शिफ्ट में होगा। पहला प्रशिक्षण प्रात: 11 से दोपहर एक बजे तक, दूसरा दोपहर एक बजे से अपराह्न 3बजे तक,तीसरी शिफ्ट अपराह्न 3बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।

सोरायसिस रोगियों का इलाज किया

सीकर (निसं)। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जिला आयुर्वेद चिकित्सालय सीकर में मंगलवार को प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रेमलता पाण्डेय एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप पांडेय के नेतृत्व मे काय चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ मोनू गुप्ता द्वारा सोरायसिस स्किन रोग के मरीजों का वमन कर्म आयुर्वेदिक चिकित्सा से इलाज किया गया। इस दौरान डॉ रणधीर कौशल, डॉ सोनू वर्मा ,नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश चौधरी,शारदा, पिंकी सहित नर्सिंग कर्मचारी उपस्थित रहे।

पर्यावरण दिवस पर मैराथन दौड़ आज

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाये जाने के उपलक्ष में पर्यावरण समिति, जिला प्रशासन, वन विभाग के तत्वावधान में 4 जून 2025 बुधवार को प्रात: 7 बजे जिला कलेक्ट्रेट परिसर से सिल्वर जुबली रोड होते हुए बजरंग कांटा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक मैराथन दौड का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों, कार्मिकों को दौड़ में सहभागिता निभाने के निर्देश दिये है।

ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी का आयोजन

चूरू, (निसं)। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर लोहिया महाविद्यालय की धुम्रपान व तम्बाकू निषेध समिति, प्राणिशास्त्र विभाग व एन सी सी इकाई द्वारा ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन को महाविद्यालय तथा मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों, केन्द्रीय विद्यालय और जैन श्वेताम्बर स्कूल के छात्र छात्राओं, एन सी सी केडेट्स और आम नागरिकों सहित कुल 622 प्रतिक्रियाएं मिली।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में अधिकतम जनसहभागिता हो : सुराणा

चूरू (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को डीओआईटी वीसी सभागार में जिले के सभी अधिकारियों को समीक्षा बैठक में जिले में 05 जून से 20 जून तक चलाए जाने वाले 'वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान' को लेकर तैयारियों की चर्चा कर समुचित दिशा निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर सुराणा ने कहा कि 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' में अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करें। सभी विभागों की समन्वित भागीदारी से अभियान को सफल बनाएं। अभियान के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के लिए विस्तृत कार्य योजना पर काम करें। सभी अधिकारी अपनी गतिविधियों की तैयारियां रखें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जल संरक्षण को लेकर अत्यधिक गंभीर है। उनकी मंशानुसार अभियान के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं व संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित हो। पखवाड़े के दौरान दैनिक गतिविधियों की प्लानिंग करें तथा जिला स्तर, ब्लॉक स्तर व ग्राम स्तर पर सभी गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जाएं।

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मानूसन की रखें पूर्व तैयारी:- जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सभी ब्लॉकों में मानसून के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं की पूर्व तैयारी रखें। ब्लॉक स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना तथा आपदा प्रबंधन टीम का प्रबंधन करें। सभी उपखंड अधिकारी नगर निकाय व विकास अधिकारियों के समन्वय से अपने क्षेत्र में नालों की सफाई सुनिश्चित करें। जल भराव को लेकर जांच कर लें कि पंप हाउस आदि सुचारू हालत में हैं। इसी के साथ क्षितग्रस्त व जर्जर भवनों का निरीक्षण कर नोटिस देते हुए अपेक्षित कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों व राजकीय भवनों में छतों की सफाई सुनिश्चित करवाएं। डिस्कॉम के अधिकारी बिजली के ढ़ीले तारों को ठीक करवाएं व खुले तारों को ढकवाएं। उन्होंने सीएमएचओ व पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौसमी बीमारियों को देखते हुए आवश्यक प्रबंधन करें। मौसमी बीमारियों के लिए आवश्यक स्क्रीनिंग व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

विभागीय योजनाओं की समीक्षा:- जिला कलेक्टर ने एनएफएसए आवेदनों के निस्तारण, ई-फाइल डिस्पोजल टाइम को कम करने, सीएम जनसुनवाई व संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण, ई-डाक पेंडेंसी को समाप्त करने, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम, पीएम आवास योजना सहित विभागीय गतिविधियों को लेकर विस्तृत निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी ने सीएम जनसुनवाई के प्रकरणों की समीक्षा की संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सीईओ श्वेता कोचर ने 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' को लेकर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोंतों की सफाई करें तथा श्रमदान, जल पूजन आदि गतिविधियां समयबद्ध ढंग से आयोजित की जाएं। इस दौरान समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे तथा उपखंडों से वीसी के जरिए समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

वृक्षारोपण किया

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। स्थानीय श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय में आज भूगोल विभाग के विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर विद्यार्थियों ने तोदी महाविद्यालय के बगीचे में फलों के पेड़ लगाएं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव आशकरण शर्मा, प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत एवं विभागाध्यक्ष डॉ मनीषा शर्मा एवं डॉ नरेश कुमार वर्मा उपस्थित थे। सचिव एवं प्राचार्य द्वारा वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा उपस्थित सभी विद्यार्थी को वृक्षारोपण करने एवं उसके संरक्षण तथा सार संभाल की जिम्मेदारी का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। डॉ मनीषा शर्मा द्वारा जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते भूमंडलीय तापमान को कम करने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक बताया।

खाद्य वस्तुओं के सैम्पल लिए

सीकर (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सीकर शहर के सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में संचालित केंटीन से खाद्य वस्तुओं के सैम्पल लिए गए। सीएमएचओ ने बताया कि अभियान के तहत एफएसओ फूल सिंह बाजिया ने सीकर के श्री कल्याण चिकित्सालय में संचालित सांझी रसोई से रिफाइंड सोयाबिन तेल, पोहहा, मिर्च व धनिया पाउडर का सैम्पल लिया।

थोड़ी बारिश के बाद सड़कों पर जमा गंदे पानी से आमजन परेशान

चूरू में थोड़ी बारिश ने प्रशासन की पोल खोल दी।

चूरू (निसं)। अंचल में पड़ रही भयंकर गर्मी से पिछले दो दिनों से हो रही मामूली बारिश से आमजन को गर्मी से राहत जरूर मिली परंतु पानी निकासी के अभाव में इस मामूली बारिश ने प्रशासन के दावों की पोल खोलकर रख दी। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को चूरू में 1.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई और अधिकतम तापमान में भी गिरावट आयी है। चूरू में मंगलवार को अधिकतम पारा 31.0 डिग्री और न्यूनतम 22.01 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, हालांकि बारिश के बाद लोगों को गर्मी से निजात जरूर मिली है, परंतु शहर में जगह-जगह भरे गंदे पानी से आमजन की राह अवरूद्ध हो गई। शहर के लोहिया कॉलेज, सीटी पोस्ट ऑफिस के पास, डीबी अस्पताल, रेस्ट हाउस, चांदनी चौक, जौहरी सागर क्षेत्र, पुराना बस स्टैण्ड सहित जगह-जगह गंदा पानी जमा हो गया। जिससे वाहन चालकों और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा, शहर वासियों ने बताया कि मानसून तो अभी बाकी पड़ा, इससे पूर्व ही प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खुलकर सामने आ गयी।

'जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें'

सीकर, (निसं)। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक मंगलवार को भारत सरकार के खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आईएएस) शोभित जैन की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सीकर जिले में संचालित नियमित एवं प्रोजेक्ट कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। संयुक्त सचिव जैन ने जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव शोभित जैन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कुंभाराम लिफ्ट परियोजना एवं यमुना जल समझौते के तहत शेखावाटी क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रगति, तकनीकी स्वीकृति और टेंडर प्रक्रिया की समीक्षा की गई। जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियंता दिलीप तरंग ने परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि कुंभाराम लिफ्ट परियोजना के लिए जल संग्रहण संरचनाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा भूमि आवंटन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सीकर डार्क जोन में होने के कारण जिले के सभी उपखंडों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर सीकर में पेयजल समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता रमेश कुमार राठी ने जल जीवन मिशन के नियमित कार्यों की प्रगति पर विस्तृत जानकारी बैठक में दी। नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने अपने विधानसभा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति और जल जीवन मिशन से संबंधित समस्याओं को रखते हुए उनके त्वरित समाधान का सुझाव दिया।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड, अधीक्षण अभियंता (वाटरशेड) रमेश मीणा, अधीक्षण अभियंता (एवीवीएनएल) अरुण जोशी, भूजल वैज्ञानिक दिनेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की बैठक हुई

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के संबंध में मंगलवार को हुई बैठक में योग दिवस की तैयारियों पर चर्चा की गई। जिसके अन्तर्गत जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन मैदान में सुबह 7 से 8 बजे तक विशेष योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बैठक में योग से संबद्ध विभिन्न संस्था प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद विभाग एवं संबंधित विभाग टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जन-जन तक योग का महत्व पहुंचाकर 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। सभी विभाग जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायत मुख्यालय तक योग कार्यक्रमों में भाग लें और योग दिवस को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विभाग के दायित्वों को गंभीरतापूर्वक निभाने के साथ ही जनप्रतिनिधियों, आमजन को योगाभ्यास में शामिल होने के लिए प्रेरित कर जिले को आवंटित 2 लाख 51 हजार लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए अधिकाधिक सक्रिय प्रयास करें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने नगर परिषद आयुक्त, नगर पालिकाओं के अधिशाषी अधिकारियों को संबंधित एसडीएम से समन्वय कर योग के लिए अपने ब्लॉक पर जगह चिन्हित कर पेयजल, मंच, टेंट, साफ-सफाई सहित सभी व्यवस्थाएं समयबद्धता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर तक योग करवायें।

उन्होंने शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग को सरकारी, गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों, कोचिंग संस्थानों में योग कार्यक्रम आयोजित करने तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को आईईसी के तहत होर्डिंग, बैनर,पोस्टर से प्रचार-प्रसार की विभिन्न गतिविधियां जिले के उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र तक करवाने के लिए निर्देशित किया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने योग दिवस के आयोजन के संबंध में पर्यटन विभाग को जिले के चयनित 41 पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक स्थल, धार्मिक स्थल, मठ, आश्रम पर योग से संबंधित समस्त व्यवस्थाएं करने, ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग को ग्राम पंचायत स्तर तक, पंचायत राज प्रतिनिधियों, कार्मिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने, योग दिवस का प्रचार-प्रसार करने, खेल विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, एनसीसी, स्काउट एवं गाईड, महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाडी कार्यकर्ता,सहयोगनी, राजीविका की महिलाओं को योग के कार्यक्रम में भाग लेने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में अव्यवस्था को लेकर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य पर लगाए आरोप

- युवा कांग्रेस की ओर से एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया

चूरू, (निसं)। युवा कांग्रेस की ओर से एक होटल में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आसिफ खान ने बताया कि प्रसूति एवं शिशु चिकित्सालय में सोनोग्राफी मशीन नहीं होने से गर्भवती महिलाओं को परेशानी हो रही है।

सोनोग्राफी अपॉइंटमेंट में भी देरी होती है तथा सुविधा केंद्र के शौचालय भी बंद रहते हैं। मरीजों को समय पर जांच प्राप्त करने में कठिनाइयां होती है कभी-कभी मरीजों को निजी प्रयोगशालाओं में दोबारा जांच करवाने के लिए कहा जाता है। दवा वितरण केंद्र में स्टाफ की कमी है।

अस्पताल में सफाई व्यवस्था खराब है, जैव-अपशिष्ट का उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता तथा शौचालय गंदे पड़े हैं। प्रसूति एवं शिशु अस्पताल में कूलर टूटे पड़े हैं। नेत्र अस्पताल में प्रयोगशाला स्टाफ की कमी है। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य पर निजी अस्पतालों में ऑपरेशन करने और समस्याओं का समाधान न करने का आरोप है।

अस्पताल में किसी आपराधिक गिरोह की मौजूदगी की चिंता है। समूह शांतिपूर्वक बात करना चाहता था। लेकिन उन्हें गेट पर ही रोक दिया गया। उनका उद्देश्य चिकित्सालय में स्थित पुलिस स्टेशन के सामने एकत्रित होना था ओर मांगो से अवगत करवाना था। प्राचार्य पर भाजपा कार्यकर्ता के रूप में काम करने का आरोप है और कहा जा रहा है कि सोशल मीडिया पर प्राचार्य को भाजपा से जुड़े लोगों से समर्थन मिल रहा है। जनता इन कार्यों पर सवाल उठा रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये पोस्ट एक ही स्त्रोत से लिखे गए हैं। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के विरूद्ध जो मामला दर्ज किया गया है।

उनका दावा है कि सफाई कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने का कोई वीडियो या सबूत मौजूद नहीं है। उनका मानना है कि उन पर झूठा आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया गया है। अस्पताल परिसर में सफाई नहीं होने पर युवा कांग्रेस अस्पताल परिसर की सफाई करेगी।

इस अवसर पर कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव एडवोकेट सुरेश कुमार कल्ला, कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एडवोकेट सद्दाम हुसैन,कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट सुरेश कुमार आर्य, राजेश चौधरी, अशोक पंवार, हेमंत सैनी, मौसिम खान, अमन दाधीच, सोएब खान, इस्माइल खान, नदीम राईन, अनिल चौधरी व अभिषेक वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

शिविर में 200 से अधिक रोगियों की जांच कर परामर्श दिया

सीकर, (निसं)। शेखावाटी जनाना हॉस्पिटल एण्ड मेडिकल रिसर्च सेंटर के संस्थापक मंत्री स्व. मगनीराम मोदी की 25वीं पुण्य तिथि मंगलवार को मनाई गई। स्टेशन रोड स्थित शेखावाटी जनाना हॉस्पिटल में स्व. मोदी की पुण्य तिथि पर सामाजिक कार्यकर्ता चितरंजन सिंह राठौड़ व निवर्तमान सभापति जीवण खां एवं अन्य अतिथियों ने उनकी एवं संस्थापक स्व. शंकरलाल धानुका की प्रतिमा का अनावरण किया एवं दीप प्रज्वलित कर निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने श्री मगनीराम मोदी स्मृति ग्रंथ का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में स्मृति ग्रंथ के संपादक भंवर सिंह शेखावत एवं तेजसिंह राठौड़ को शॉल ओढ़ाकर व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। चिकित्सा शिविर में इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली एवं जनाना हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सेवाएं देते हुए 200 से अधिक रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उचित परामर्श दिया।

स्व. मोदी व स्व. धानुका की मूर्ति का अनावरण किया।

कार्यक्रम में अतिथियों व अन्य वक्ताओं ने स्व. मगनीराम मोदी द्वारा किए गए समाजसेवा के कार्यों का उल्लेख किया। कहा कि स्व. मोदी ने जीवनभर जरूरतमंदों की सेवा के लिए कार्य किए। उन्हीं सेवा कार्यों में शेखावाटी जनाना हॉस्पिटल भी एक है जिसमें रोगियों की सेवा करने का अवसर संस्था को मिल रहा है।

हॉस्पिटल सुपरिन्टेंडेंट डॉ. कपिल सैनी ने बताया कि शिविर में आये हुए 200 से भी अधिक रोगियों की थायराइड, सीबीसी, शुगर व बीपी आदि की नि:शुल्क जांच कर परामर्श दिया गया।

उन्होंने बताया कि शिविर में इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. वरूण बंसल, किडनी ट्रांसप्लांट रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय कुमार शर्मा व डॉ. भरत भूषण बामनिया, पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित पंडिता ने अपनी सेवायें दी। इसके साथ ही शिविर में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. कपिल सैनी, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. राखी अठवानी, हड्डी एवं जोड रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल सैनी, फिजिशियन डॉ. यू पद्मजा एवं नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. करिश्मा अग्रवाल ने भी मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया।

इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाशचंद मोदी, मंत्री सीए सुनील मोर, सदस्य महेश होलानी, ओमप्रकाश गाडोदिया, मणिशंकर काबरा, बीएल सोनी, शिवप्रसाद मोदी, संजय कुमावत सहित हॉस्पिटल संचालन मंडल के चिकित्सक, सदस्य एवं कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

E-Mail Address - eonp.sdlp@yahoo.in
Fax & Phone: 01559-222039

भीम

क्रमांक :- न.पा.रा. / 2025-26/1436-1437 दिनांक :- 03/06/25

निविदा सूचना/2025-26

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / प्लेसमेन्ट एजेन्सियों/ कम्पनीयों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका राजगढ़ द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए निविदा आमन्त्रण की जा रही है। निविदा दिनाकं 10.06.2025 को सांय 04:00 बजे तक विक्रय की जाकर दिनांक 10.06.2025 को सांय 05:00 बजे सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में खोली जायेगी। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

NIB Code-DLB2526A2004
UBN No.-DLB2526GSOB06614

(राकेश कुमार अरोड़ा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजगढ़ (चूरू)